# चार महीने में भी गैस लाइन शिफ्ट नहीं, आईटी चौराहा ब्रिज का काम अटका

**समय पर पूरा होना असंभव है काम**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में पूर्वी रिंग रोड पर एमपीआरडीसी द्वारा बनाए जा रहे ओवर ब्रिज का निर्माण समय पर पूरा नहीं होगा. इसका कारण यह है कि ब्रिज निर्माण में बाधक गैस लाइन चार माह में भी शिफ्ट नहीं हो सकी है. ब्रिज निर्माण का समय पूरा होने में सिर्फ चार माह शेष है.**

एमपीआरडीसी शहर में चार ब्रिज बना रहा है. उसमें से एक ओवर ब्रिज पूर्वी रिंग रोड आईटी चौराहे पर बन रहा है. यह ओवर ब्रिज 865 मीटर लंबा और 6 चौड़ा बनेगा. उक्त ब्रिज निर्माण का ठेका मेसर्स नारायणदास कंस्ट्रक्शन को दिया गया है. ब्रिज निर्माण की लागत 64 करोड़ रुपए है. इसको करीब 18 महीने में पूर्ण करने का समय तय था, लेकिन अब यह समय पर पूरा नहीं होगा. ब्रिज का काम शुरू में बहुत तेज गति से चल रहा था. वर्तमान में ब्रिज के सभी पियर खड़े हो चुके है. गर्डर लांच करने की तैयारी है. इससे भी ज्यादा जरूरी सर्विस रोड का काम है. सर्विस रोड का काम अवंतिका गैस कंपनी के कारण रुका हुआ है. अवंतिका गैस कंपनी चार महीने में भी गैस लाइन हटा नहीं सकी है, जबकि




अवंतिका गैस कंपनी ने एमपीआरडीसी अधिकारियों को एक माह में गैस लाइन शिफ्ट करने का कहा था. फिलहाल आईटी चौराहे ओवर ब्रिज का काम अटका हुआ है, तो गैस लाइन के कारण ही अटका हुआ है. अभी भी अवंतिका गैस कंपनी ने 15 दिन का समय एमपीआरडीसी अधिकारियों से ओर लगने का कहा है. बताया जा रहा है कि ओवर ब्रिज निर्माण कार्य पूरा होने की समय सीमा मार्च 2026 है, लेकिन जुलाई 2026 तक भी पूरा होने की संभावना कम है.

**ब्रिज के कारण आईटी चौराहे पर यातायात जाम**

आईटी चौराहा पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के कारण खंडवा रोड और रिंग रोड पर यातायात जाम की स्थिति बनी हुई है. इसका कारण यह है कि गैस लाइन शिफ्ट हो तो सर्विस रोड का काम शुरू हो सकेगा. सर्विस रोड नहीं होने से निर्माणाधीन क्षेत्र से यातायात निकाला जा रहा है. दुर्घटना के डर से काम बहुत ध्यान से करने के चलते गति नहीं पकड़ पा रहा है.

**एक माह का समय मांगा था**

एमपीआरडीसी के क्षेत्रीय संचालक गगन भाभर ने बताया कि हम गर्डर लांच करने की तैयारी में है. गैस कंपनी ने एक माह का समय मांगा था, लेकिन चार महीने हो गए और अभी तक भी लाइन शिफ्टिंग नहीं हुई है. इस कारण ब्रिज का काम गति नहीं पकड़ पा रहा है. सर्विस रोड का काम भी लाइन शिफ्ट नहीं होने पर शुरू नहीं कर पा रहे हैं.

## एक नजर में

### बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं फंड किया लॉन्च

इंदौर. बजाज फिन्सर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना, बैंकिंग और वित्तीय सेवा फंड, की शुरुआत की घोषणा की है. यह नया फंड ऑफर 24 नवंबर को बंद होगा. बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट के प्रबंध निदेशक गणेश मोहन ने कहा हमारा मानना है कि यह समर्पित थीमैटिक फंड निवेशकों को इस मेगाट्रेंड में भाग लेने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है, जो संपूर्ण वित्तीय सेवा क्षेत्र में अवसरों की पहचान करेगा और इन क्षेत्रों में भविष्य की वृद्धि से लाभ उठाने की कोशिश करेगा. बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीआईओ निमेश चंदन ने कहा बजाज फिनसर्व बैंकिंग और वित्तीय सेवा फंड के लिए हमारा निवेश दृष्टिकोण गहन शोध और अनुशासित स्टॉक चयन पर आधारित है.

### फैशन टूर की शुरूआत आधुनिक शोकेस से

इंदौर. ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपने गुरुग्राम संस्करण में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' की थीम को पेश किया. यहां यह दिखाया गया कि टेक्नोलॉजी, डिजाइन और इमर्सिव स्टोरीटेलिंग किस तरह फैशन अनुभव को एक नई दिशा दे रहे हैं. इस साल के 'फैशन के अगले कदम' वाले थीम को आगे बढ़ाते हुए, इस एडिशन ने ऐसा विजुअल अनुभव प्रस्तुत किया. इस शोकेस का नेतृत्व डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक की रचनात्मक जोड़ी ने किया. टूर ने फैशन अनुभवों में आ रहे बड़े सांस्कृतिक बदलाव को बखूबी पेश किया. पर्नोड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर हमेशा से रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की सीमाओं को आगे बढ़ाने वाला मंच रहा है. इस शोकेस के साथ हमने 'फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' की ओर एक साहसिक कदम बढ़ाया है, ऐसा इमर्सिव अनुभव जो भविष्य में फैशन पेश करने के तरीकों को नई परिभाषा देता है.

### ट्रेज़र आइलैंड मॉल पर बच्चों के लिए वीकेंड फेस्टिवल

इंदौर. ट्रेज़र आइलैंड मॉल ने हाल ही में बच्चों और उनके परिवारों के लिए एक खास वीकेंड फेस्टिवल का आयोजन किया. इस मौके पर बच्चों ने न सिर्फ मस्ती की बल्कि नई चीज़ें सीखने और करने का आनंद भी लिया. इस उत्सव की शुरुआत 14 नवंबर को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई. नन्हे प्रतिभागियों ने अपने पसंदीदा नायकों, नेताओं और कहानी के पात्रों के रूप में मंच पर आकर सबका दिल जीत लिया. 15 नवंबर को आयोजित पॉटरी वर्कशॉप ने उत्सव की रौनक और बढ़ा दी. इसमें बच्चों ने मिट्टी के साथ अपनी कल्पनाओं को आकार देना सीखा. विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उन्होंने सुंदर कलाकृतियाँ बनाईं- जहाँ सीखने और मस्ती का अनोखा संगम दिखाई दिया. दो दिनों तक चला यह आयोजन ट्रेज़र आइलैंड मॉल को रंगों, हँसी और यादगार पलों से भर गया.

### अमेजन के क्रिएटर प्रोग्राम्स पहुंचे 2 करोड़ खरीदारों तक

इंदौर. अमेजन इंडिया ने बताया कि उसके क्रिएटर प्रोग्राम ने इस साल 2 करोड़ से ज्यादा खरीदारों तक क्रिएटर-आधारित खोज को पहुंचाया है. त्योहारों के सीजन से पहले 1 लाख क्रिएटर्स थे, जो अब बढ़कर 1.25 लाख से भी ज्यादा हो गए हैं. कुछ ही महीनों में 25% की यह बढ़त दिखाती है कि अमेजन का प्लेटफॉर्म क्रिएटर-आधारित उद्यमिता को कितना बढ़ावा दे रहा है. अब करीब 70% क्रिएटर-आधारित खरीदारी नॉन-मैट्रो शहरों से आ रही है, जिनमें करनाल, भुवनेश्वर, विजयवाड़ा और देहरादून जैसे शहर शामिल हैं. अमेजन इंडिया के डायरेक्टर, शॉपिंग एक्सपीरियंस, जाहिद ख़ान ने कहा क्रिएटर्स आज भारत की खरीदारी के तरीके को नए सिरे से बदल रहे हैं. ग्राहक अब प्रोडक्ट्स को खोजने, समझने और खरीदने के लिए क्रिएटर्स पर ज्यादा भरोसा करते हैं.

### महालक्ष्मी यज्ञ की शुरूआत अन्नपूर्णा शोभा यात्रा से



इंदौर. महंत मंगलदास महाराज खाकी के मार्गदर्शन में 21 नवंबर से 5 दिवसीय श्री महालक्ष्मी यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है. कार्यक्रम नाव घाट, बड़वाह स्थित श्री मारुति पंचमुखी हनुमान मन्दिर पर होगा. प्रवीण जोशी ने बताया कि उत्सव की शुरुआत 21 नवम्बर को अन्नपूर्णा शोभा यात्रा से होगी. 25 नवम्बर तक रोजाना वैदिक मंत्रो के साथ सहस्त्र हवन के कार्यक्रम होंगे. मुख्य अतिथि खंडवा के सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला होंगे. 25 नवम्बर को श्रीराम विवाह पंचमी पर उत्सव का समापन प्रसादी के साथ होगा. पूरे आयोजन में हरि ओमानन्दजी, पं. अंमित गौड़, महंत अवधदास खाकी विशेष रूप से शामिल होंगे.

### सुनिधि चौहान टूर के साथ मास्टरकार्ड बनाएगा यादगार पल

इंदौर. मास्टरकार्ड भारत की सबसे ऊर्जावान परफ़ॉर्मर्स में से एक- सुनिधि चौहान- के साथ 10-शहरों का कॉन्सर्ट टूर शुरू कर रहा है. अपनी दमदार आवाज़ और आकर्षक स्टेज प्रेज़ेंस के लिए मशहूर सुनिधि सभी उम्र के दर्शकों को अविस्मरणीय अनुभवों से मंत्रमुग्ध करेंगी. सुनिधि का यह रोमांचक टूर मास्टरकार्ड और प्रमुख लाइव एंटरटेनमेंट कंपनी एवा लाइव द्वारा प्रस्तुत नेशनलवाइड कॉन्सर्ट सीरीज का हिस्सा है- जो देशभर के संगीत प्रेमियों तक संगीत का जादू पहुंचेगा. मास्टरकार्ड की वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड, मार्केटिंग एंड कम्युनिकेशंस, साउथ एशिया, लावनी अग्रवाल ने कहा मास्टरकार्ड में हम मानते हैं कि संगीत में लोगों और समुदायों को करीब लाने वाली साझा अनुभूतियाँ बनाने की शक्ति है. यह कॉन्सर्ट टूर भारत की रचनात्मक ऊर्जा और उच्च-गुणवत्ता वाले मनोरंजन की बढ़ती मांग को दर्शाता है.

### ग्रेट केएफसी फेस्टिवल में मिलेगा बेहतरीन चिकन

इंदौर. त्योहारों की खुशी को और अधिक बढ़ाने के लिए केएफसी लेकर आया है अपना लेटेस्ट कैम्पेन, ग्रेट केएफसी फेस्टिवल. ग्रेट केएफसी फेस्टिवल में मिल रहे हैं 4 फैन-फेवरीट मील्स, जिनमें से प्रत्येक का मूल्य है केवल 299 रुपये. इसमें चिकन-लवर्स को मिलेंगे लिमिटेड टाईम के लिए क्रंची, चीज़ी चिज़्ज़ा और ऑल चिकन, नो बन डबल डाउन बर्गर. साथ में गोल्ड बर्गर और 9 पीस चिकन जैसे सिग्नेचर मेन्यू आईटम, जो फाईज़ और पेप्सी के साथ ग्रेट चस्त्रष्ट फेस्टिवल मेन्यू में उपलब्ध होंगे. अपर्णा भवाल, सीएमओ, केएफसी इंडिया एवं पार्टनर कंट्रीज़ ने कहा देश में सेलेब्रेटरी मूड अपने शिखर पर है. इस खुशी को और अधिक बढ़ाने के लिए ग्रेट केएफसी फेस्टिवल लाया है, बेहतरीन पेशकशें.

### लेंसकार्ट ने ब्रांड मेलर को भारत में किया लॉन्च

इंदौर. लेंसकार्ट ने भारत में मेलर के लॉन्च की घोषणा की और वैश्विक पॉप-कल्चर ब्रांड पॉपमार्ट के साथ एक नई रचनात्मक आईवियर साझेदारी की घोषणा की. इस साझेदारी से आईवियर ब्रांड्स का एक आधुनिक घराना बनाने की उसकी महत्वाकांक्षा और मज़बूत होगी और लेंसकार्ट को समकालीन आईवियर डिज़ाइन के केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा. बार्सिलोना में शुरू किया गया मेलर, यूरोप के सबसे प्रभावशाली डी2सी युवा आईवियर ब्रांडों में से एक बन गया है. भारत में, मेलर अब लेंसकार्ट के रिटेल नेटवर्क के साथ-साथ लेंसकार्ट ऐप और वेबसाइट के ज़रिए ऑनलाइन भी उपलब्ध होगा. लेंसकार्ट के सह-संस्थापक और सीईओ, पीयूष बंसल ने कहा मेलर का बोल्ड सौंदर्यबोध और मज़बूत समुदाय इसे हमारे ब्रांड हाउस में एक अद्भुत जोड़ बनाता है और पॉप मार्ट जैसी रचनात्मक साझेदारियों के माध्यम से, हम अपने ग्राहकों को प्रसन्न करने वाले तरीकों से आईवियर में खेल, कल्पना और संग्रहणीयता के क्षण लाने की उम्मीद करते हैं.

# बीआरटीएस हटाकर बनाया जाएगा रोड डिवाईडर

- **निगम ग्रीन बेल्ट, डिवाईडर ,चौराहे एवं रोटरी देंगे गोद**
- **मेयर इन कौंसिल की बैठक में निर्णय**

नव भारत न्यूज

**इंदौर। नगर निगम शहर के ग्रीन बेल्ट, डिवाईडर ,चौराहे एवं रोटरी को जनभागीदारी से सामाजिक संगठन और संस्थाओं को गोद देगा. बीआरटीएस पर डिवाइडर बनाने, पश्चिमी रिंग रोड पर अक्षत गार्डन से सिरपुर वाच टावर गेट नंबर 2 मुख्य सड़क निर्माण और बड़े गणपति से कांडिलपुरा की सिवरेज लाइन स्थानांतरित करने पर सहमति दी गई है. उक्त निर्णय आज महापौर परिषद की बैठक में लिए गए हैं.**

नगर निगम में आज एमआईसी की बैठक हुई. बैठक में दिव्यांगजन




पुर्नवास सहायता राशि एवं अनुदान राशि तथा दिव्यांगजन को ट्रायसिकल व अन्य उपकरण के संबंध में नियम बनाने का निर्णय लिया गया है.

इसके अलावा निरंजनपुर चौराहा से राजीव गांधी चौराहा तक बीआरटीएस को हटाकर आरआरसी मिडियन सेन्ट्रल डिवाईडर बनाने का निर्णय लिया गया. साथ ही सभी झोन के तहत विभिन्न चिंहित क्षतिग्रस्त मार्गो पर डामर पेंचवर्क , शहर में स्थित उद्यानों, ग्रीन बेल्ट, डिवाईडर एवं चौराहों/रोटरियों के विकास एवं रखरखाव हेतु 30 से अधिक रजिस्टर्ड संस्थाओं से प्राप्त आवेदन पर गोद देने के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई. झोन क्रमाक 14 वार्ड 85 के अंतर्गत अक्षत गार्डन से लेकर सिरपुर वॉट टॉवर गेट नंबर 2 तक मुख्य मार्ग निर्माण की स्वीकृति भी दी गई. बैठक में आयुक्त दिलीपकुमार यादव, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, अभिषेक शर्मा, राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाडिया, प्रिया डांगी, मनीष शर्मा मामा, समस्त अपर आयुक्त और सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

**इन कार्यों की भी दी स्वीकृति**

बैठक में बडा गणपति फ्लाई ओवर ब्रिज के लिए अंतिम चौराहा से कंडिलपुरा तक प्रायमरी सीवरेज लाईन को स्थानांतरित करना, बिछाना, जीर्णोद्धार कार्य की स्वीकृति दी गई। शहर में विभिन्न स्थानों पर निगम स्वामित्व की 44 ग्रेन्टी, 03 फुट ओव्हर ब्रिज पर 05 वर्षो के लिए विज्ञापन अधिकार ऑनलाईन निविदा बुलाने, डोमेस्टिक बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के संबंध में सैद्वांतिक सहमति प्रदान की गई।

# अवैध होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई निरंतर हो : महापौर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में अवैध होर्डिंग्स को लेकर एक बार फिर मुहिम शुरू की जाएगी. इसके लिए महापौर ने निगम आयुक्त को निर्देश जारी करते हुए कहा कि शहर के सुंदरता से समझौता नहीं करे.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शहर की सुंदरता, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले ऐसे सभी अवैध होर्डिंग्स को बिना देरी हटाया जाए. शहर में अवैध और बेतरतीब तरीके से लगाए जा रहे होर्डिंग्स के विरुद्ध नगर निगम द्वारा अभियान चलाया जाए. आज महापौर ने निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव को निर्देश दिए कि पूर्व में अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ जारी कारवाई को निरंतर जारी रखा जाए. साथ ही इस संबंध में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए.

**व्यवस्थित विकास है उद्देश्य**

महापौर ने यह भी बताया कि निगम द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान जनहित एवं शहर के विकास को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से है. नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करते हुए ही प्रचार-प्रसार सामग्री स्थापित करें.



# गुड एंड बेड टच के बारे में दी जानकारी

**इंदौर.** शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय इंदौर (बेटमा खुर्द) 100 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं द्वारा किया गया.

श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल की श्री पहल योजना के अंतर्गत आयोजित इस स्वास्थ्य परक कार्यक्रम की जानकारी ईएसआईएस के संचालक डॉ. चंद्रशेखर जायसवाल ने दी. उन्होंने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं द्वारा श्रमोदय विद्यालय के सभी बच्चों का क्रमबद्ध रूप से स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है जिसमें चिकित्सकों एवं स्टाफ द्वारा बच्चों का वजन, ऊंचाई, हीमोग्लोबिन विजन व सामान्य जांच की गई. उन्हें आवश्यकता अनुसार उचित परामर्श व दवाइया भी दी गई. इसी के साथ स्वास्थ्य जागरूकता हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चा के तहत प्रमुख रूप से डॉक्टर महिमा मसीह एवं प्रदीप जोशी ने लड़कियों को गुड तथा बेड टच के बारे में जानकारी दी. डॉ अनिल पाटीदार ने हीमोग्लोबिन के बारे में बताया. स्वास्थ्य परीक्षण दल में शिववती पटेल, मंजू कोचले, फुला मंडलोई, एएस अंसारी, संजय राठौर आदि सम्मिलित थे. इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य प्रदीप राय, अरुण सिंह भदोरिया, सुमित्रा पलासिया भी उपस्थित थे.

# माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा अन्नकूट महोत्सव व छप्पन भोग

- **सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर वरिष्ठों व युवाओं ने किया नृत्य**

**इंदौर. माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा अन्नकूट महोत्सव, छप्पन भोग एवं मधुर भजन का आयोजन आनंदम रिसॉर्ट पर किया गया.**





महोत्सव का शुभारंभ शिवनारायण-मधु भूतड़ा, आनंद नागौरी, केदारमल जखेटिया ने किया. भगवान श्रीनाथजी की महाआरती में सभी अतिथि, अध्यक्ष रामेश्वरलाल असावा, सचिव सीए भरत सारडा, कोषाध्यक्ष श्री मांगीलाल कासट, सहसचिव घनश्याम झवर, संयोजक किशनगोपाल पुगलिया, अश्विन लखोटिया कार्यक्रम संयोजक गोपाल न्याति फाउंडर ट्रस्टी रामअवतार जाजू, गिरधारलाल सारडा, श्रीनिवास मालपानी, अजय सोडानी, एवं दिनेश शिवभगवान परवाल, मुकेश कचोलिया, डॉ साधना सोडानी लीलाधर माहेश्वरी, अखिलेष राठी सहित अनेक श्रद्धालु गणमान्य बंधु सपत्नीक उपस्थित हुए. सुप्रसिद्ध भजन गायक पीयूष भावसार ने अपनी टीम के साथ सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया. भजनों पर भगवान के सम्मुख अनेक वरिष्ठ, महिला पुरुष , युवाओं ने नृत्य कर आनंद लिया. इस अवसर पर अनिल माहेश्वरी भी उपस्थि हुए और भवन का अवलोकन किया. समापन में सभी ने प्रसादी ग्रहण की. आयोजन की व्यवस्थाओं में सुमन सारडा, सुलोचना मंत्री, बबिता न्याति, केदार सारडा,राजेश चंडक, जगदीश डागा आदि ने विशेष भूमिका निभाई. इस अवसर पर माहेश्वरी समाज इंदौर जिला के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ एस एन मंत्री एवं पदाधिकारी, माहेश्वरी समाज के महिला संगठन, युवा संगठन व क्षेत्रीय संगठन के पदाधिकारी व आमंत्रित सदस्य भी उपस्थित हुए.

# नर्मदापुरम के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से बांधा समां

- **सेठानी घाट, हर की पौड़ी और राम घाट की आरतियां जीवंत हुई अग्रसेन महासभा के अन्नकूट में**

**इंदौर.** नर्मदापुरम के सेठानी घाट, उज्जैन के राम घाट, हरिद्वार की हर की पौड़ी और ओंकारेश्वर के नागर घाट के साथ वृन्दावन के 56 भोग की झलकियाँ सोमवार शाम को निपानिया स्थित होटल एएफसी के परिसर में जीवंत हो उठीं। श्री अग्रसेन महासभा के स्नेह मिलन, अन्नकूट एवं 56 भोग श्रृंगार दर्शन महोत्सव में सैकड़ों समाजबंधु ने भाव-विभोर होकर इस अद्भुत और अनुपम उत्सव को न केवल निहारा, बल्कि मंत्रमुग्ध होकर पूरे भक्ति भाव से आत्मसात भी किया.



महासभा के अध्यक्ष कैलाशनारायण बंसल, सचिव राजेश मित्तल एवं संयोजक राजेश गर्ग केटी और प्रमोद बिंदल ने बताया कि इस मौके पर नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर माँ नर्मदा की हजारों दीपों से आरती करने वाले आचार्य पं. अविनाश मिश्रा शास्त्री और उनके 11 साथियों ने माँ नर्मदा की भव्य आरती से ऐसा परिदृश्य बनाया कि हर की पौड़ी, उज्जैन के राम घाट और ओंकारेश्वर के नागर घाट पर होने वाली भव्य आरतियों के मनोहारी दृश्य साकार हो उठे. वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, पी डी अग्रवाल कांट्रेक्टर, अरुण आष्टावाले, अजय आलूवाले, पी डी अग्रवाल महू, सतीश गुप्ता, उमाकांत गर्ग, महेंद्र पी डी अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजेश बंसल, प्रवीण मुरारका, प्रदीप बंसल, अरुण जैन, रामनिवास मित्तल, गणेश गोयल, गोविन्द सिंघल, संतोष गोयल, गोविन्द गर्ग भमौरी सहित विभिन्न अग्रवाल संगठनों के पदाधिकारी इस उत्सव में पूरे समय शामिल रहे.

**शानदार प्रस्तुतियां दीं**

इस रंगारंग महोत्सव में शिवशक्ति डांस ग्रुप के कलाकारों की नृत्य प्रस्तुतियां और गायक शुभम तारे तथा सावन म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने अपने मधुर गीतों से जबरदस्त समां बांधे रखा. महोत्सव की शुरुआत भगवान श्रीनाथजी को वृन्दावन से बुलवाए गए परंपरागत 56 भोग समर्पण से हुई. संचालन किया सीए एस एन गोयल ने और आभार माना संयोजक प्रमोद बिंदल तथा राजेश गर्ग केटी ने.



# सदगुरु अण्णा महाराज संस्थान में अनूठा अन्नकूट महोत्सव

**इंदौर.** पलसीकर कॉलोनी स्थित सदगुरु अण्णा महाराज संस्थान में अन्नकूट महोत्सव- सुदामा 56 भोग का विशेष आयोजन किया गया. संस्थान में स्थापित भगवान दत्तात्रेय, साढ़े तीन शक्ति पीठ तथा चौंसठ योगिनी को पारंपरिक व्यंजनों के स्थान पर विभिन्न प्रकार के खड़े साबूत अनाज का भोग अर्पित किया गया. भोग अर्पण के पश्चात इन अनाजों का सुदामा भोग नाम से 60 जरूरतमंद परिवारों के बीच वितरण किया गया. सदगुरु अण्णा महाराज की प्रेरणा से संस्थान विगत छह वर्षों से इस विशिष्ट परंपरा का निर्वहन कर रहा है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक गोयल, विष्णु बिंदल, मालासिंग ठाकुर, डॉ. विनीता कोठारी, दीपक माहेश्वरी, हरी अग्रवाल तथा मधु वर्मा थे. संस्थान के शरद जपे ने बताया कि सदगुरु अण्णा महाराज के मार्गदर्शन से समाज सेवा और आध्यात्मिकता से जुड़े ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे.

**एक नजर में** जनसुनवाई मे दंपति को कलेक्टर ने दिया आश्वासन, कई लोगों को रोजगार और इलाज के लिए हाथोंहाथ मिली मदद

# मासूम के इलाज में खर्च होंगे 9 करोड़, दानदाताओं से दिलाएंगे मदद

**इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा की उपस्थिति में जनसुनवाई प्रभावी और सकारात्मक रूप से संपन्न हुई. जनसुनवाई आमजन की उम्मीदों पर खरी उतर रही है और जरूरतमंदों का सशक्त सहारा बन रही है. किसी को इलाज, किसी को शिक्षा और किसी को रोजगार जैसी सहायता हाथों-हाथ उपलब्ध कराई जा रही है। त्वरित समस्या के निराकरण से आमजन संतुष्ट और प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं.**

जनसुनवाई में एक शर्मा दंपत्ति अपनी बेटी को लेकर पहुंचे. कलेक्टर श्री वर्मा ने इनकी समस्या को गंभीरता से सुना. दंपत्ति ने बताया कि इनकी बेटी को गंभीर बीमारी है और लगभग 9 करोड़ रूपये का खर्च



इलाज पर होगा. कलेक्टर ने कहा कि शासन-प्रशासन से मदद तो की जायेगी. साथ ही अन्य दानदाताओं से सहयोग लिया जायेगा. इसके लिये उन्होंने दानदाताओं से सहयोग की अपील की है. उन्होंने बताया कि इसका विवरण सेवा सेतु एप पर देखा जा सकता है.

उल्लेखनीय है ढाई साल की मासूम अनिका शर्मा एसएमए टाइप-2 जैसी दुर्लभ बीमारी से संघर्ष कर रही है. इलाज के लिए जरूरी दवा की कीमत करीब 9 करोड़ रुपए है. इतनी बड़ी राशि जुटाना परिवार के लिए असंभव है, इसलिए बच्ची की मां सरिता शर्मा जनसुनवाई में कलेक्टर से मिलीं और शहरवासियों से मार्मिक अपील की. अनिका शर्मा की मां का कहना है कि इंदौर की 35 लाख आबादी में से हर नागरिक मात्र 10-10 रुपए भी दे दे, तो करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए तत्काल जुटाए जा सकते हैं, जबकि शेष राशि सरकार, जिला प्रशासन और औद्योगिक इकाइयों की मदद से पूरी हो सकती है. अनिका की मां ने शहरवासियों से भावुक अपील की हमारे लिए 10 रुपए छोटी बात है, लेकिन मेरी बेटी के लिए वह जीवन का आधार बन सकता है.

**दिव्यांग की समस्याओं का किया त्वरित निराकरण**

आज की जनसुनवाई में एक ऐसा उदाहरण सामने आया, जब दिव्यांग दिनेश महाकाल ने अपनी समस्या कलेक्टर शिवम वर्मा के समक्ष रखी और हाथो-हाथ निराकरण होने से उसने आभार भी जताया. दिनेश ने कलेक्टर को बताया कि वह दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, बेरोजगार हैं तथा आने-जाने के लिए उपयोग में लाई जा रही ट्राइसाइकिल अत्यंत पुरानी हो चुकी है. बैसाखियाँ भी टूट चुकी हैं और पेंशन भी नहीं मिल रही है. कलेक्टर ने तत्काल सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को बुलाकर निर्देशित किया कि दिनेश की सभी समस्याओं का आज ही समाधान किया जाए. अपनी समस्याओं का त्वरित निराकरण होने पर दिनेश ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कलेक्टर शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया. आज की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. जनसुनवाई में लगभग 300 से अधिक आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं. अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष के लिए समयसीमा निर्धारित की गई.